उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0,
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
U.P. RAJAYA VIDYUT UTPADAN NIGAM LTD.
(A U.P. GOVERNMENT UNDERTAKING)
4th Floor, Shakti Bhawan Extn, Lucknow.
Phone No. 0522-2287838 Fax No. 0522-2287197
UPRVUNL

पत्रांक : 77 / उ0नि0लि0 / रिफार्म / दिनांक : 21 जून, 2014

## कार्यालय ज्ञाप

निदेशक मण्डल की दिनांक 24 फरवरी, 2009 को सम्पन्न हुई 135वीं बैठक में लिये गये निर्णय तथा निगम कार्यालय ज्ञाप संख्या 239 / उ0नि0लि0 / रिफार्म / ई–प्रोक्योरमेंट / 2008–09 दिनांक 02.03.2009 एवं संख्या 240 / उ0नि0लि0 / रिफार्म / ई–प्रोक्योरमेंट / 2008–09 दिनांक 02.03.2009 के तारतम्य में एतद्द्वारा निगम की सभी परियोजनाओं एवं निगम मुख्यालय पर सामग्री क्रय / कार्य सम्बन्धी निविदाओं का आमंत्रण ई–टेण्डरिंग के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से दिनांक 01 अगस्त, 2014 से लागू किये जाने हेतु आदेश किया जाता है। इस सम्बन्ध में निम्न कार्यवाही प्राथमिकता पर की जाये :–

1. e-tendering system का क्रियान्वयन उत्तर प्रदेश सरकार की ई–टेण्डरिंग सिस्टम की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से किया जायेगा। ई–टेण्डरिंग हेतु डिजिटल सिग्नेचर तथा प्रशिक्षण इत्यादि मैसर्स यू0पी0 इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन लि0 द्वारा प्रदान किया जायेगा।

2. इस प्रणाली के अन्तर्गत निविदा को वेबसाइट पर अपलोड करने एवं खोलने हेतु 02 अधिकारियों का होना आवश्यक है जिनमें 01 निविदा से सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता तथा परियोजना लेखा प्रमुख / उनके द्वारा नामित लेखाधिकारी होंगे जिनके डिजिटल सिग्नेचर से उक्त कार्यवाही होगी। परियोजना के सभी अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना लेखा प्रमुख व सभी लेखाधिकारियों द्वारा डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त किया जाये। मुख्यालय की निविदा के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता तथा उपमहाप्रबन्धक (लेखा) एवं उनके द्वारा नामित उप मुख्य लेखाधिकारी / वरिष्ठ लेखाधिकारी के डिजिटल सिग्नेचर से उक्त प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी।

3. ई–प्रोक्योरमेन्ट प्रणाली के अनुसार निविदा आमंत्रण की तैयारी हेतु डिजिटल सिग्नेचर सम्बन्धित अधिकारी को यू0पी0 इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन लि0 में आवेदन कर प्राप्त करना होगा। इसी के साथ ई–प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से अभ्यस्थ होने के लिये ये अधिकारी यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लि0, 10–अशोक मार्ग, लखनऊ स्थित मुख्यालय में प्रशिक्षण भी प्राप्त करेंगे। यह सम्पूर्ण प्रक्रिया विलम्बतम दिनांक 15 जुलाई, 2014 तक पूर्ण कर ली जाये। डिजिटल सिग्नेचर हेतु आवेदन पत्र www.uplc.in / www.uprvunl.org से डाउनलोड कर आवश्यक प्रपत्र संलग्न करते हुये तथा परियोजना प्रमुख से सत्यापित कराकर मै0 यू0पी0 इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन लि0 के कार्यालय में तीन दिन में भेजना सुनिश्चित करायें। मुख्यालय स्तर के अधिकारी जिन्हें डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त करना है वे अपना आवेदन पत्र इकाई प्रमुख से प्रमाणित कराकर प्रस्तुत करेंगे।

4. सभी अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना लेखा प्रमुख व लेखाधिकारियों को ई–टेण्डरिंग प्रणाली से प्रशिक्षित किये जाने हेतु दिनांक 23.06.2014 से 28.06.2014 के मध्य मैसर्स यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लि0, 10 अशोक मार्ग, लखनऊ स्थित कार्यालय में

प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण हेतु सभी परियोजनाओं से प्रत्येक दिन 03 अधिकारी परियोजना प्रमुख द्वारा प्रशिक्षण में प्रतिभाग हेतु भेजना सुनिश्चित किया जायेगा तथा रिफार्म इकाई द्वारा मुख्यालय से 03 अधिकारी प्रत्येक दिन प्रशिक्षण हेतु नामित किये जायेंगे। अग्रेतर सभी खण्डीय अधिकारियों को ई–टेण्डरिंग प्रणाली से भिज्ञ कराये जाने हेतु यू0पी0 इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन लि0 द्वारा दिनांक 01.07.2014 से 15.07.2014 के मध्य प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें प्रत्येक परियोजना से 03 खण्डीय अधिकारी नामित कर नोडल अधिकारी को सूचित किया जाये जो इसमें वर्णित तिथियों में प्रतिभाग लेंगे।

5. ई–प्रोक्योरमेन्ट प्रणाली प्रारम्भ करने से पूर्व इस पद्धति को निगम में लागू किये जाने के सम्बन्ध में निगम द्वारा पर्याप्त प्रचार किया जाना अति आवश्यक है। ई–प्रोक्योरमेन्ट प्रणाली के सम्बन्ध में निविदा कर्ताओं को भली–भाँति अवगत करा दिया जाये कि भविष्य में विभाग में जो भी निविदायें आमंत्रित की जायेंगी वे ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ही प्राप्त की जायेगी। इस सम्बन्ध में परियोजना के सभी कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर इस सम्बन्ध में सूचना चस्पा की जाये। परियोजना पर कार्यरत सभी फर्मों को व्यक्तिगत रुप से भी संलग्न सूचना हस्तगत करा दी जाये। अधीक्षण अभियंता (रिफार्म) द्वारा इस सम्बन्ध में प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में विज्ञापन द्वारा तथा निगम वेबसाइट पर प्रचार कराया जायेगा। अतः निविदाकर्ताओं को अपने ऑफर को अपलोड करने के लिये, अपनी फर्म को www.etender.up.nic.in पर पंजीकृत कराना होगा तथा डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त करने एवं आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु मैसर्स यू0पी0 इलैक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लि0 से सम्पर्क कर कार्यवाही करना अनिवार्य होगा जिससे उन्हें अवगत करा दिया जाये।

6. ई–टेण्डरिंग के सुचारु संचालन के लिये अधीक्षण अभियन्ता (रिफार्म), उ0नि0लि0, लखनऊ को ई–टेण्डरिंग हेतु नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। परियोजना प्रमुख सम्बन्धित अधिकारी के नाम जिन्हें डिटिजल सिग्नेचर/प्रशिक्षण लेने हेतु प्रतिभाग करना है का विवरण उत्पादन निगम के नामित नोडल ऑफिसर को तत्काल सूचित करें जिससे ई–प्रोक्योरमेन्ट की प्रकिया 01 अगस्त 2014 से लागू होने में कोई व्यवधान न आये।

7. प्रथम चरण में कार्य/आपूर्ति सम्बन्धी निविदाओं के सम्बन्ध में रुपये तीस लाख से अधिक की निविदा ई–टेण्डरिंग सिस्टम से ही आमंत्रित की जायेंगी। परियोजना प्रमुख को इससे कम मूल्य की निविदाओं को ई–टेण्डरिंग के माध्यम से करने हेतु स्वयं निर्णय लेने के लिये अधिकृत किया जाता है।

8. ई–टेण्डरिंग को विस्तारित किये जाने हेतु तीन माह उपरान्त रिव्यू किया जायेगा।

<u>अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक</u>

उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0,
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
U.P. RAJAYA VIDYUT UTPADAN NIGAM LTD.
(A U.P. GOVERNMENT UNDERTAKING)
8th Floor, Shakti Bhawan Extn, Lucknow.
Phone No. 0522-2287838 Fax No. 0522-2287197

पत्रांक : 77 /उ0नि0लि0/रिफार्म/ तद्दिनांक :

1. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निदेशक (वित्त)/निदेशक (तकनीकी)/निदेशक (कार्मिक),उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
3. मुख्य अभियंता, पीपीएमएम/ता0परि0/ईंधन/आर0एण्डएम0/वाणिज्य/मानव संसाधन/जानपद/पर्यावरण एवं सुरक्षा, उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0।
4. मुख्य महाप्रबन्धक/महाप्रबन्धक/अनपरा/ओबरा/हरदुआगंज/पारीछा/पनकी तापीय परियोजना।
4. मुख्य महाप्रबन्धक (वित्त)/महाप्रबन्धक (लेखा)/महाप्रबन्धक (सम्प्रेक्षा), उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, लखनऊ।
5. कम्पनी सचिव, उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0।
6. अधीक्षण अभियन्ता (रिफार्म), उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
7. उप–महाप्रबन्धक(लेखा)/उप–मुख्यलेखाधिकारी/वरिष्ठ लेखाधिकारी/ ओबरा/ अनपरा/ पारीक्षा/ हरदुआगंज, पनकी तापीय परियोजना।

2/6/14

(सुनील कुमार सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता (रिफार्म)

E:\e data\Siddiqui\CF Dec. 2013.docx